>

Title: Demand for a Central University in Una and Mandi district in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.): सभापति जी, मैं युवाओं के एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है और शिक्षा तथा खेल उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हिमाचल प्रदेश में जिला उना में दो विधान सभा क्षेत्रों धर्मपुर और उना में केन्द्रीय विद्यालय, उना के सलोत-सतानपुर और मंडी के धर्मपुर संदौल में बनाने सुनिश्चित हुए थे। लेकिन पिछले दो वर्षों से यह मांग पेंडिंग है। जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय पहले देहरा में बनना था, वह भी पेंडिंग है। ये सलोत और संदोल में केन्द्रीय विद्यालय बनने की मांग लम्बे समय से पेंडिंग है। मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से आग्रह करता हूं इन्हें जल्द से जल्द बनाना चाहिए, ताकि उस क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिले। हाल ही में केन्द्रीय सरकार ने नेशनल यूथ पालिसी की घोषणा की थी। लेकिन देश में जो वेबसाइट है ys.net.in, उस पर यह नजर नहीं आ रही है। करीब दस वर्ष हो गए यूथ पालिसी नहीं आई, लेकिन जब अब आई है तो वह दिखाई नहीं देती है, केवल किताबों तक सीमित है। ये लोग भी यहां केवल दिखावा करने के लिए खड़े हुए हैं। राहुल गांधी जी यहां होते तो बताते कि कौन से छः बिल ये पास कराना चाहते हैं। ये केवल दिखावा करने के लिए प्लै कार्ड लेकर वैल में आकर खड़े हो गए हैं। ये लोग दिल से नहीं चाहते, वर्षों तक इन्होंने भ्रष्टाचार किया है, और केवल दिखावा कर रहे हैं।

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record except what Shri Prabodh Panda says.

(Interruptions) â€¦ *